हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–153 : जौनपुर, शुक्रवार 05 अगस्त 2022 साान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने किया उद्घाटन : लखनऊ से नई दिल्ली, गोवा और बंगलुरु के लिए एयर एशिया की सेवा शुरू

लखनऊ से नई दिल्ली, बंगलुरु, गोवा, कोलकाता और मुंबई तक आवागमन अब और आसान हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नई दिल्ली, बंगलुरु और गोवा के लिए एयर एशिया की नई उड़ान सेवा का शुभारंभ किया, जबकि कोलकाता और मुंबई की फ्लाइट अगले माह से शुरू हो जाएगी। सीएम योगी ने बेहतर कनेक्टिविटी को विकास की गति तेज करने का सहज माध्यम बताते हुए यूपी को कनेक्टिविटी के लिहाज से सर्वोत्तम प्रदेश बनाने का संकल्प भी दोहराया। वहीं प्रदेश में हवाई सेवा को बेहतर करने की मुख्यमंत्री योगी की कोशिशों की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई हवाई सेवाओं के लिए लखनऊ को बधाई दी है।शुक्रवार को लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह हवाईअड्डा, परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने तीन शहरों के लिए एयर एशिया की उड़ान सेवाओं की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई 'उड़ान' योजना का उत्तर प्रदेश ने अत्यधिक लाभ प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई चप्पल पहनने वाले आम आदमी के हवाई उड़ान का सपना देखा था, उत्तर प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाएं, इस स्वप्न के साकार होने जैसी हैं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में मुख्यतः लखनऊ और वाराणसी में ही एयरपोर्ट थे। गोरखपुर और आगरा में आंशिक रूप से क्रियाशील एयरपोर्ट थे। तब चार एयरपोर्ट से मात्र 25 गंतव्यों तक वायुसेवा उपलब्ध थी, आज नौ एयरपोर्ट क्रियाशील हैं।अकेले लखनऊ में पांच साल से पहले जहां 15 शहरों तक उड़ान की सेवा थी, आज 30 से ज्यादा शहरों के लिए फ्लाइट उपलब्ध है। सीएम योगी ने कहा कि विकास की गति को तेज करने में कनेक्टिविटी का बड़ा योगदान है। इस लिहाज से प्रदेश में एक्सप्रेसवे का निर्माण और अधिकाधिक शहरों को हवाई सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। हवाई सेवाओं को बेहतर करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए प्रदेश सरकार, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का सहयोग भी ले रही है। बहुत जल्द अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती और सोनभद्र से हवाई सेवा की शुरूआत हो जाएगी। सीएम ने सकारात्मक सहयोग के लिए केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के प्रति आभार भी जताया। कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े केंद्रीय मंत्रु ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यूपी के अपार पोटेंशियल को बढ़ावा देने के लिए हाल के समय में 63 नए रूट जोड़े गए हैं, जल्द ही इसे बढ़ाकर 108 रूट तक करने की तैयारी है।कंपनी के लिए ऐतिहासिक दिनः भास्करन एयर एशिया के सीईओ और एमडी सुनील भास्करन ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्य मंत्री वीके




सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताते हुए लखनऊ से सेवा शुरू करने को ऐतिहासिक करार दिया। भास्करन ने बताया कि लखनऊ से एयर एशिया की आठ फ्लाइट उपलब्ध होंगी। आज पांच फ्लाइट शुरू हो गई हैं, जबकि कोलकाता और मुंबई के लिए तीन फ्लाइट सितंबर से शुरू हो जाएगी। बेहतर एयर कनेक्टिविटीः आम आदमी को लाभ, अर्थव्यवस्था को मजबूती डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से, आज उत्तर प्रदेश देश में आवागमन के सबसे सुगम प्रदेश में बदल रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग के लिहाज से बीते पांच वर्षों में शानदार काम करने वाले उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हमेशा से ही सीएम योगी की प्राथमिकता रही है। सीएम ने कई मौकों पर कहा भी है कि बेहतर सड़कें, एक्सप्रेसवे, बेहतर एयरपोर्ट यह सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट ही नहीं होते बल्कि पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देते हैं, लोगों का जीवन पूरी तरह से बदल देते हैं। यूपी में बेहतर होती हवाई सेवाओं से एक ओर जहां आम आदमी को आवागमन का शानदार विकल्प मिल रहा है, वहीं प्रदेश के औद्योगिक विकास को रफ्तार भी मिल रही है। कुशीनगर एयरपोर्ट के शुरू होने से जहां देश–दुनिया के बौद्ध मतावलम्बियों को आवागमन में आसानी हुई है, वहीं स्थानीय होटल और पर्यटन सेक्टर को बल मिला है। आगरा, प्रयागराज, बरेली, हिंडन, गोरखपुर और कानपुर जैसे शहरों से हवाई सेवाओं ने स्थानीय उद्यम को प्रोत्साहन दिया। यही नहीं, योगी सरकार चित्रकूट, सोनभद्र और श्रावस्ती जैसे आकांक्षात्मक जिलों से हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी है, जो इन पिछड़े क्षेत्रों के पोटेंशियल को नई उड़ान देने में सहायक होगी। इसी तरह, सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट 'नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट' उत्तरी भारत का लॉजिस्टिक्स गेटवे के रूप में पहचान बनाने के लिए तैयार हो रहा है। यह हवाई अड्डा लाखों लोगों को रोजगार भी देगा। यही नहीं, हाल ही में प्रदेश सरकार ने हवाई जहाजों, एयरक्राफ्ट के मरम्मत, रखरखाव और ओवरहालिंग के लिए एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) नीति घोषित की है, जिससे सैकड़ों युवाओं को रोजगार मिलेगा। आज देश को विदेशों में इन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च करने पड़ते हैं। अयोध्या में निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डा न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में पर्यटन सेक्टर की तरक्की को नई उड़ान देंने वाला होगा।

## सीएमओ ने पूछा, आपसे पैसे की मांग तो नहीं की जाती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामपुर अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नोनारी का आकस्मिक निरीक्षण किया। लैब असिस्टेंट राजेश कुमार सिंह अनुपस्थित मिले जिस पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया। फार्मासिस्ट रीता देवी, वार्ड ब्वाय राजेश कुमार उपस्थित मिले। नर्स फील्ड विजित पर थीं। पीएचसी नोनारी के बाद वह सीएचसी पहुंचीं। वहां उन्होंने लेबर रूम की व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर दो गर्भवती मिलीं। उनका प्रसव होने वाला था। सीएमओ ने पूछा आपसे किसी ने पैसे की मांग तो नहीं की, सभी ने बताया कि उनसे पैसे की मांग नहीं की गई है। उन्होंने पूछा कि आपका खयाल रखा जाता है जिसपर सभी ने अस्पताल से मिलने



वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। सीएचसी पर डिप्टी सीएमओ डा अजय सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 प्रभात यादव, डॉ अशदुल्ला सहित सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## डॉक्टर ने मरीज के पेट से गिलास निकालकर बचाई जान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : यु तो पेट से तौलिया, रुमाल, कैची ग्लब्स निकलते आपने सुना और देखा होगा लेकिंग पेट से गिलास निकलना आश्रर्य की बात है। महाराजगंज के ब्लॉक के कोटवा भटौली गांव निवासी समरनाथ (उम्र 50 वर्ष) का उसके पेट का ऑपरेशन कर गिलास निकालकर डॉक्टर सिद्धार्थ ने उसकी जान बचाई ।मालूम हो कि समरजीत तीन–चार दिन से पेट में बहुत दर्द था वह कई अस्पतालों में गया वहां पर कोई राहत नहीं मिला तो उसके बाद कुछ रिश्तेदारों से पता चलने पर वह वाजिदपुर स्थित सिद्धार्थ हॉस्पिटल में आकर डॉक्टर लाल बहादुर सिद्धार्थ को अपने पेट के दर्द के विषय में बताया डॉक्टर सिद्धार्थ में मरीज का एक्सरे कराया और देखा की पेट में मोटे टाइप का कुछ दिख रहा है उसके बाद डॉक्टर सिद्धार्थ ने उसका ऑपरेशन किया तब पता चला कि उसके पेट में एक मोटा गिलास है और गिलास निकालकर समरजीत का जान बचाई । सफल ऑपरेशन होने पर परिवार के लोगो में खुशी की लहर दौड़ गई।डॉक्टर लाल बहादुर सिद्धार्थ ने बताया कि इस तरीके यह मैं तीसरा ऑपरेशन किया हूं इसके पहले मैं बोतल पेट में पाए जाने का सफल ऑपरेशन किया और यह ऑपरेशन हमारे 18 साल की



प्रैक्टिस में बहुत आश्चर्यजनक ऑपरेशन था। जिसे मैंने 2 घंटे में किया ,मालूम हो कि डॉक्टर सिद्धार्थ पूर्वांचल में कई जटिल से जटिल रोगों का रिस्क लेकर ऑपरेशन किए हैं और मरीजों का जान बचाई है । इस मौके पर ऑपरेशन में डॉ राजेश त्रिपाठी, डॉक्टर राजेंद्र सिद्धार्थ, डॉक्टर विनोद कुमार यादव, डॉक्टर सतीश पांडे, अक्षय कुमार, पोरस ,मुन्ना सिद्धार्थ, धर्मेंद्र यादव ,संजय सोनकर, व ओ पी यादव मौजूद रहे।

## बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी, अयोध्या की रागिनी यादव पहले स्थान पर

अयोध्या ब्यूरो : रुहेलखंड यूनिवर्सिटी ने बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इस परिणाम में अयोध्या की रागिनी यादव पहले स्थान पर आई हैं। दूसरे स्थान पर नीतू देवी वैना कानपुर देहात और तीसरे स्थान पर अभय कुमार गुप्ता चंद्रवर बलिया के हैं। वहीं बरेली में नम्रता पाल पहले स्थान पर रही हैं। द्वितीय स्थान पर यश सिंह आए हैं। बीएड में टॉपर रागिनी को 359.666 अंक, दूसरे स्थान पर रही नीतू को 358 अंक और तीसरे स्थान पर रहे अभय कुमार गुप्ता 349.333 अंक मिले हैं।न्च ठम्क त्मेनसज 2022ः कब हुई थी परीक्षा यूपी बीएड, 2022 परीक्षा का आयोजन 6 जुलाई, 2022 को किया गया था। परीक्षा विभिन्न निर्धारित केंद्रों पर सभी तरह की कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में करीब 6 लाख उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था। परीक्षा राज्य के 75 जिलों में दो पालियों में हुई थी। ऑफलाइन मोड में हुई परीक्षा में 100–100 अंकों के कुल दो सेक्शन में प्रश्न पूछे गए थे। सवालों के जवाब देने के लिए उम्मीदवारों को तीन घंटे का समय दिया गया था। न्च ठम्क त्मेनसज 2022ः कैसे चेक कर सकेंगे परिणाम सबसे पहले उम्मीदवार की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। अब होमपेज पर दिखाई दे रहे रिजल्ट के सेक्शन में जाएं। अब यूपी बीएड 2022



परीक्षा के रिजल्ट से जुड़े लिंक पर क्लिक करें। यहां मांगी जा रही जानकारी को दर्ज कर के लॉगिन करें। अब परिणाम आपके सामने की स्क्रीन पर पीडीएफ के रूप में प्रदर्शित हो जाएगा। इसे डाउनलोड कर के आगे की जरूरत के लिए इसका प्रिंट भी निकलवा लें।परिणाम के बाद क्या होगा अगला चरण परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद अगले चरण के रूप में काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा में सफलता पाई है उन्हें काउंसलिंग में भाग लेने का मौका दिया जाएगा। उम्मीदवारों को उनके स्कोर के आधार कॉलेज अलॉट किए जाएंगे। काउंसलिंग का पूरा शेड्यूल परिणाम के बाद जारी किया जाएगा। उम्मीदवार किसी भी नई जानकारी या अपडेट के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर नजर बना कर रखें।

## विश्वविख्यात जैन तीर्थ बड़ागांव में मनाया गया पार्श्वनाथ निर्वाण महोत्सव

बागपत, उत्तर प्रदेश। विवेक जैन।बागपत जनपद के बड़ागांव में स्थित विश्वविख्यात श्री पार्श्वनाथ अतिशय क्षेत्र प्राचीन दिगम्बर जैन मन्दिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री 1008 पार्श्वनाथ निर्वाण महोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दो दिनों तक चले श्री 1008 पार्श्वनाथ निर्वाण महोत्सव में देश की राजनैतिक, धार्मिक, शैक्षिक, पुलिस–प्रशासन व सामाजिक क्षेत्रों से जुड़ी जानी–मानी हस्तियों ने शिरकत की। मन्दिर में निर्वाण लड्डू की व्यवस्था देख रहे जैन मिलन खेकड़ा के अध्यक्ष मनोज जैन, मंत्री महेश जैन, अजय जैन, वीरदमन जैन, जनेश्वरदयाल जैन, संजय जैन, नरेश जैन, नितिन जैन, सुशील जैन, अंशुल जैन, आयुश जैन ने बताया कि यह मन्दिर बहुत प्राचीन और चमत्कारी है। हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी इस पवित्र–पावन स्थान पर सर्व मनोरथ पूरक चमत्कारी मूलनायक श्री पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा के समक्ष निर्वाण लड्डू चढ़ाने के लिए 50 किलोमीटर के दायरे में स्थित विभिन्न जैन मन्दिरों से पदयात्रा कर जैन श्रद्धालुगण पहुँच रहे है और चमत्कारी श्री पार्श्वनाथ जी की प्रतिमा के समक्ष निर्वाण लड्डू चढ़ा रहे है और विधि–विधान के साथ पूजा–अर्चना कर रहे है। आने वाले श्रद्धालुगणों ने बताया कि श्रीजी के दर्शन कर उनको जो सुखद अनुभूति हो रही है उसको वे शब्दों में बयां नही कर सकते। कहा कि श्री पार्श्वनाथ अतिशय क्षेत्र प्राचीन दिगम्बर जैन मन्दिर क्षेत्र कमेटी बड़ागांव के आतिथ्य से वे बहुत प्रसन्न है। कहा कि उनकी छोटी से छोटी आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा गया है। बताया कि अतिशय क्षेत्र पर रहने, खाने–पीने



आदि की समस्त व्यवस्था उपलब्ध है। निर्वाण महोत्सव को सफल बनाने में बागपत पुलिस–प्रशासन के साथ–साथ कमेटी के अध्यक्ष सुखमाल चन्द जैन, कार्य अध्यक्ष अनिल जैन, महामंत्री सुभाष चन्द जैन, कोषाध्यक्ष अरूण जैन, उपाध्यक्ष सुनील जैन, प्रबंधक व मेला मंत्री प्रमोद जैन की आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा प्रशंसा की गई। महोत्सव में बागपत पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, खेकड़ा सीओ विजय चौधरी, भजन गायिका संगीता जैन जबलपुर, कमेटी के मैनेजर प्रभात जैन, त्रिलोक तीर्थ धाम के प्रबंधक त्रिलोक चंद जैन, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, जैन एकता मंच के अमित जैन टटीरी वाले, सौरभ जैन, साधुवृति आश्रम के प्रदीप जैन, संजय जैन सहित हजारों की संख्या में जैन श्रद्धालुओं ने शिरकत की।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## ठेकेदार के दबंगई के चलते पूरा विद्यालयों मे कीचड़ भरे गढ्ढे में हुआ तब्दील

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : शासन एक तरफ जहां परिषदीय विद्यालयों को सुधारने में प्रयासरत है वहीं शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली को देखें तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार कितने जागरूक हैं नगर पंचायत उनवल में स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय उनवल टेकवार के प्रांगण में जलजमाव कीचड़ से बच्चों का आना जाना तो दूभर है ही,शिक्षक भी किस तरह से विद्यालय में प्रवेश कर रहे हैं यह दशा देखकर यह स्पष्ट होता है कि परिषदीय विद्यालयों पर शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों का कोई पहल नहीं है बताते चलें कि दबंग ठेकेदार द्वारा जर्जर भवन ध्वस्त ठेका लिया गया है ,उस भवन का मलबा वहाँ से हटाना है।सारे रास्ते से मलबा को ले आने





में पूरे प्रांगण को तलाब बना कर छोड़ दिया,ऐसे मे इन नन्हे मुन्ने बच्चों का क्या दोष है विद्यालय जाना भी जरूरी है अब विद्यालय की सूरत सामने है जो कीचड़ और पानी से भरा हुआ है एक तरफ बच्चों के स्वास्थ्य पर सरकार का ध्यान है वही इस गंदे बरसात के पानी जमा होने से बच्चों को संक्रामक बीमारी भी होने की संभावना है ऐसे में यह किसकी जिम्मेदारी है इस संकट से बच्चों को दूर कर सकें।विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवीन कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस समय प्रांगण में बहुत समस्या है ठेकेदार को भी मैंने कहा है लेकिन वह कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं सारे रास्ते को गड्ढा और कीचड़ युक्त कर दे रहा है मैंने इसकी सूचना अपने सक्षम अधिकारी सहित नगर पंचायत अधिकारी को दे दिया है।सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप यादव (ठेकेदार) ने बताया कि जो भी प्रांगण खराब हुआ है उसको ठीक करा दिया जायेगा। चंद्रशेखर चौरसिया ने बताया कि स्कूल के प्रधानाचार्य के माध्यम से जानकारी हुई है,जल्द कार्यवाही कराया जाएगा जिससे बच्चों और शिक्षकों को कोई असुविधा ना हो ।

## पीडब्ल्यूडी क्लर्क की रहस्यमय हालात में मौत मामले की हो निष्पक्ष जांच– अशोक सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ जी की सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ायी जा रही है। आय दिन अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है। सरकार प्रदेश को अपराध मुक्त बनने का दावा करती है परन्तु वह इस पर विफल साबित होते दिखाई दे रही है। अब आलम यह है कि सरकारी तंत्र भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में पीछे नहीं है। राजधानी लखनऊ स्थित महामहिम राज्यपाल जी के आवास के नजदीक लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय में हुई एक लिपिक की रहस्यमयी मौत इसका जीता जागता उदाहरण है।उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा कि राजधानी लखनऊ स्थित महामहिम राज्यपाल जी के आवास के सामने लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय में लिपिक पद पर कार्यरत विपिन सिंह नाम के कर्मचारी की संदिग्ध मौत हो जाती है। जबकि उनके साथ कार्यालय के दो और सहयोगी कर्मचारी भी वहां मौजूद थे। ऐसे में अनेकों सवाल खड़े होते हैं कि उन्होंने मृतक के परिजनों को सूचना क्यों नहीं दी। कार्यालय के सुरक्षाकर्मियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में है।उन्होंने कहा कि यदि यह कोई साधारण मामला नहीं है तो इस घटना में भ्रष्टाचार भी एक गंभीर मामला हो सकता है मृतक के परिजनों को न्याय प्राप्त हो सके इसके लिए निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए, जिससे वह अपने परिवार का पालन पोषण कर जीवन यापन कर सके।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सारी आवश्यकताओं और आकांक्षाओं का मूल कारण ही है आध्यात्मिक इच्छा का अपूर्ण होना।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# गुमनाम ही रह गया स्वाधीनता सेनानी और तिरंगे का वास्तुशिल्पी

भारत इस साल आजादी का अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान मना रहा है। इस अभियान के जरिए भारत के लगभग 150 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय ध्वज की महिमा और आजादी के आन्दोलन की याद दिलाई जा रही है तो लाजिमी है कि हम उस महान सख्शियत को भी याद कर लें जिसके डिजाइन पर आज हमारी आन–बान और शान का प्रतीक हमारा राष्ट्रीय ध्वज ''तिरंगा'' दुनिया के सामने बड़े गर्व से लहरा रहा है।

दरअसल, स्वाधीनता आन्दोलन में पिंगली वेंकय्या ने राष्ट्रीय ध्वज का डिजाइन दे कर भारत को यह विशिष्ट पहचान दी इसलिए राष्ट्र हमेशा उनका ऋणी रहेगा। हमें अब नेता, अभिनेता और क्रिकेट खिलाड़ी तो याद रहते हैं मगर वे याद नहीं रहते जिनकी बदौलत हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं।

गुमनाम नायक जिसने भारत को तिरंगा दिया भारत के उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने एक बार कहा था–

वेंकय्या हमारे स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक थे, जिन्होंने बहुत बड़ा योगदान दिया। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया और भारत को एक स्वतंत्र देश बनाने के लिए अथक प्रयास किया।

राष्ट्र ध्वज के वास्तुशिल्पी पिंगली वेंकय्या राष्ट्र ध्वज के वास्तुशिल्पी पिंगली वेंकय्या का जन्म 2 अगस्त, 1876 को हुआ था। उनका पालन–पोषण एक तेलुगू ब्राह्मण परिवार में आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम के पास भाटलापेनुमरु में पिता हनुमंतरायडू और माता वेंकटरातनमा के यहां हुआ था। मद्रास में अपनी हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद, वह स्नातक की पढ़ाई करने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय चले गए। उन्हें भूविज्ञान और कृषि का शौक था। वह न केवल एक स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि एक कट्टर गांधीवादी, शिक्षाविद, कृषक, भूविज्ञानी, भाषाविद् और लेखक थे।गांधी जी को 24 में से यही डिजाइन पसंद आया था

वास्तव में पिंगली वेंकय्या एक उत्साही ध्वज उत्साही थे, जिन्होंने 1916 में 'भारत के लिए एक राष्ट्रीय ध्वज' नामक एक पुस्तिका प्रकाशित की जिसमें उन्होंने ध्वज के चौबीस डिजाइन प्रस्तुत किए थे। 1921 में बेजवाड़ा (अब विजयवाड़ा) में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सत्र के दौरान पिंगली वेंकय्या ने स्वराज ध्वज के रूप में जाना जाने वाला एक ध्वज डिजाइन गांधी जी के समक्ष पेश किया। वही डिजाइन अब भारत के वर्तमान राष्ट्रीय ध्वज का आधार बना है। शुरू में इसमें देश के दो प्रमुख समुदायों– हिंदू और मुस्लिम का प्रतीक करने के लिए लाल और हरे रंग की पट्टियां शामिल थीं।

महात्मा गांधी की सलाह पर, पिंगली वेंकय्या ने खादी बंटिंग पर चरखा डिजाइन के साथ हरे रंग के ऊपर लाल रंग के ऊपर एक सफेद बैंड जोड़ा। सफेद रंग शांति और भारत में रहने वाले बाकी समुदायों का प्रतिनिधित्व करता था, और चरखा देश की प्रगति का प्रतीक था। उनके डिजाइन ने भारत और उसके लोगों को एक पहचान दी थी।

स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में, ध्वज ने एकजुट होने और स्वतंत्रता की भावना को जन्म देने में मदद की। हालाँकि पहले तिरंगे को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया गया था, लेकिन इसे सभी कांग्रेस अवसरों पर फहराया जाने लगा।

1931 में कांग्रेस ने तिरंगे को मान्यता दी गांधीजी की स्वीकृति ने इस ध्वज को काफी लोकप्रिय बना दिया था और यह 1931 तक उपयोग में था। वर्ष 1931 ध्वज के इतिहास में एक यादगार मोड़ आया। हालांकि रंगों को लेकर ध्वज ने सांप्रदायिक चिंताएं बढ़ा दी थीं, जिसके बाद 1931 में एक ध्वज समिति का गठन किया गया।

समिति के सुझाव पर कांग्रेस कार्य समिति बदलाव के साथ एक नया तिरंगा लेकर आई थी जिसे पूर्ण स्वाराज कहा गया। उसी वर्ष तिरंगे ध्वज को हमारे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया

संशोधित झंडे को लाल रंग के स्थान पर केसरिया से बदल दिया गया था, सफेद पट्टी को बीच में स्थानांतरित कर दिया गया था, केंद्र में सफेद पट्टी में चरखा जोड़ दिया गया, जिसका अभिप्राय था कि रंग गुणों के लिए खड़े थे, न कि समुदायों के लिए, साहस और बलिदान के लिए केसरिया, सत्य और शांति के लिए सफेद, और विश्वास और ताकत के लिए हरा। गांधी जी का चरखा जनता के कल्याण का प्रतीक माना गया।

संविधान सभा ने 22 जुलाई 1947 को अपनाया तिरंगा समय के साथ हमारे राष्ट्रीय ध्वज में भी कई बदलाव हुए हैं। आज जो तिरंगा हमारा राष्ट्रीय ध्वज है, उसका यह छठवां रूप है। इसे इसके वर्तमान स्वरूप में 22 जुलाई 1947 को आयोजित भारतीय संविधान सभा की बैठक में अपनाया गया था, जो 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से भारत की स्वतंत्रता के कुछ ही दिन पहले ही आयोजित की गई थी। इसे 15 अगस्त 1947 और 26 जनवरी 1950 के बीच भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया और इसके पश्चात भारतीय गणतंत्र ने इसे अपनाया।

स्वतंत्रता मिलने के बाद इसके रंग और उनका महत्व बना रहा। केवल ध्वज में चलते हुए चरखे के स्थान पर सम्राट अशोक के धर्म चक्र को दिखाया गया। अशोक चक्र की 24 तीलियां या स्पोक बताती हैं कि गति में जीवन है और गति में मृत्यु है। इस प्रकार कांग्रेस पार्टी का तिरंगा ध्वज अंततः स्वतंत्र भारत का तिरंगा ध्वज बना।

भारत के मूल्यों और विचारों का प्रतिनिधित्व करता है तिरंगा हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत के मूल्यों और विचारों का प्रतिनिधित्व भी करता है। भारत के तिरंगे का एक गूढ़ अर्थ है जो परिभाषित करता है कि देश अपने जीवन मूल्यों को क्या मानता है और इसके लिए प्रयास करता है।

भारत का राष्ट्रीय ध्वज देश के लिए सम्मान, देशभक्ति और स्वतंत्रता का प्रतीक है। यह भाषा, संस्कृति, धर्म, वर्ग आदि में अंतर के बावजूद भारत के लोगों की एकता का प्रतिनिधित्व करता है।

हमारा राष्ट्रीय ध्वज जोकि लगभग आधा दर्जन पड़ावों के बाद आज दुनिया के सामने भारत की आन–बान और शान के रूप में लहरा रहा है, वह स्वाधीनता आन्दोलन में भारत की आजादी के आन्दोलन में उत्प्रेरक का काम करता था। इस ध्वज को लेकर हमारे आन्दोलनकारी भारत की आजादी के लिए मर मिटने को तैयार रहते थे।

तिरंगे के जन्मदाता का ऋणी रहेगा राष्ट्र पिंगली वेंकय्या को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत 2009 में एक डाक टिकट से सम्मानित किया गया था। 2014 में उनका नाम भारत रत्न के लिए भी प्रस्तावित किया गया। पिंगली वेंकय्या ने 4 जुलाई, 1963 को अंतिम सांस ली। अपनी मृत्यु के दिनों में भी, वे एक निःस्वार्थ कुलपति थे, जिन्होंने अपने शरीर पर ध्वज को ढकने की मांग की थी। उन्हें हमारे महान राष्ट्र की सभी जीत में याद किया जाएगा।

पहले हर कोई नहीं फहरा सकता था तिरंगा सन् 2002 तक राष्ट्र ध्वज के प्रोटोकॉल के तहत उस फहराने के लिये कुठ बंदिशें थीं और उसे हर कोई या हर जगह नहीं फहराया जा सकता था। तब तक, 26 जनवरी, 15 अगस्त और 2 अक्टूबर जैसे विशेष अवसरों के अलावा, निजी नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अनुमति नहीं थी। लेकिन यह मुद्दा उस समय चर्चा में आया जब उद्योगपति नवीन जिंदल ने फरवरी 1995 में दिल्ली उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के संबंध में अधिकारियों द्वारा उन पर लगाई गई रोक को चुनौती दी।

15 जनवरी, 2002 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डॉ. पी.डी. शेनॉय समिति ने इस मामले को देखने के लिए गठित किया था और घोषणा की कि नागरिक 26 जनवरी 2002 से वर्ष के सभी दिनों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए स्वतंत्र होंगे।

यह लेखक के अपने विचार हैं।

## तुलसी जन्मभूमि राजापुर गोंडा में तुलसी जयंती समारोह सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्रावण शुक्ला सप्तमी 4 अगस्त 2022 को 525 वीं तुलसी जयंती का आयोजन अयोध्या के समीप गोंडा जनपद के करनैलगंज तहसील परसपुर विकासखंड सूकरखेत सरयू तट तुलसीधाम राजापुर में किया गया। श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ मानस मंडली द्वारा हुआ। विभिन्न स्थानों से पधारे हुए संत महात्मा एवं विद्वानों कार्यक्रम में भाग लिया। श्री तुलसी जन्मभूमि न्यास एवं सनातन धर्म परिषद ने कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली से पधारे राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त कैप्टन विकास गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त किए, उन्होंने कहा सूकरखेत और आत्माराम टेपरा तुलसी जन्मभूमि राजापुर गोंडा के लिए पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध है। मेरा सौभाग्य है कि तुलसी जयंती के अवसर पर आत्माराम टेपरा में वृक्षारोपण का कार्य करने का अवसर मिला। साध्वी क्षिप्रा पाठक जो नर्मदे गंगा से जुड़ी हुई हैं तुलसी जन्मभूमि राजापुर गोंडा की प्रशंसा की। इस अवसर पर ओम प्रकाश पांडेय, मनमोहन सिंह, डॉक्टर संत शरण त्रिपाठी, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार मिश्रा, राम कुमार सोनी, डॉ उपेंद्र सिंह, डॉक्टर एके सिंह, इन्द्रप्रकाश शुक्ला, राजकुमार सोनी, कमल किशोर सिंह, गिरीश नारायण सिंह, रविंद्र सिंह, राजन कुशवाहा, भानु प्रकाश तिवारी, डॉक्टर हनुमान प्रसाद



दुबे आदि लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। तुलसी जयंती पर कैप्टन विकास गुप्ता, साध्वी क्षिप्रा पाठक, कैलाश नाथ वर्मा, ओम प्रकाश पांडेय, डॉक्टर संत शरण त्रिपाठी, भानु प्रताप तिवारी, राजकुमार सोनी, संत कुमार त्रिपाठी आदि महानुभावों को श्रीतुलसी , सम्मान प्रदान किया गया। तुलसी जयंती में राजापुर सूकरखेत गोंडा को गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि घोषित करने के लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार से मांग की गई। दिल्ली की भारतीय संस्था द्वारा गोस्वामी तुलसीदास के पिता आत्माराम दुबे के नाम 45 बीघा आत्माराम टेपरा में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के अनन्तर भंडारा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। डॉ. स्वामी भगवदाचार्य अध्यक्ष सनातन धर्म परिषद ने उक्त जानकारी दी।

## देसी तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : बांसगांव थाना क्षेत्र हरनहीं चौकी अंतर्गत चौकी इंचार्ज अखिलेश तिवारी द्वारा शुक्रवार सुबह 10:30 में सघन चेकिंग अभियान चला रहे थे। तभी एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश करने लगा तभी चौकी इंचार्ज अखिलेश तिवारी अपने हमराही कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल दीपक यादव, कांस्टेबल चंदन खरवार, कांस्टेबल संजय यादव, कांस्टेबल शुभम तिवारी बांसगांव के साथ घेराबंदी कर निर्माणाधीन पुलिया जीरो सिक्स लेन के पास व्यक्ति को पकड़ लिया गया। चेकिंग करने पर अभियुक्त के पास एक देसी तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया नाम पता पूछने पर अभियुक्त की पहचान राजू निषाद पुत्र राम अचल निषाद उम्र 22 वर्ष गांव हरनहीं थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर की पहचान हुई। अभियुक्त के खिलाफ




बांसगांव थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कर जेल भेज दिया गया।

## अगस्त क्रांति दिवस पर कौशल किशोर दिल्ली विश्वविद्यालय कैंपस में फूकेंगे नशा मुक्ति युवा मंत्र – ज्योति बाबा

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ स एनसीआरबी के चौकानेवाले आंकड़ों में बताया गया है कि परीक्षा में असफलता,प्रेम प्रसंग, मोबाइल मेनिया, शारीरिक शोषण व नशा के चलते 2017 से 2019 के बीच 14 से 18 वर्ष के बीच के 24568 बच्चों ने आत्महत्या की,इसीलिए देश के किशोर व युवा वर्ग को नशा,डिप्रेशन,एंग्जाइटी, आत्महत्या से बचाने के लिए अगस्त क्रांति दिवस को केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के नेतृत्व में 10,000 से ज्यादा नशा मुक्त सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा दिल्ली के इनडोर स्टेडियम दिल्ली यूनिवर्सिटी नॉर्थ केंपस में आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में नशा मुक्त जागरूकता के महाकुंभ के द्वारा शंखनाद करेंगे जिसमें देश के प्रतिष्ठित सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्था खिलाड़ी बॉलीवुड कलाकार साहित्यकार कवि एवरेस्ट विजेता इंग्लिश चौनल विजेता समाजसेवी बड़ी संख्या में भाग लेकर केवल एक ही आव्हान देश से करेंगे कि विकसित भारत स्वस्थ व स्वच्छ भारत अभियान की सफलता के लिए हिंदुस्तानियों नशा छोड़ो,उपरोक्त बात नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के तहत सोसाइटी योग ज्योति इंडिया के सहयोग से केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर जी के नेतृत्व में 9 अगस्त क्रांति दिवस पर दिल्ली के बहुद्देशीय हाल स्पोर्ट्स कंपलेक्स दिल्ली विश्वविद्यालय नॉर्थ केंपस डॉ नारंग मार्ग गेट संख्या दो दिल्ली मे आयोजित होने वाले नशा मुक्त जागरूकता के महाकुंभ की विस्तृत जानकारी देने के लिए मंत्री आवास दुबग्गा में आयोजित प्रेसवार्ता में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्त अभियान के प्रमुख नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के नेशनल ब्रांड एंबेस्डर व प्रदेश प्रभारी योग गुरु ज्योति बाबा ने कही, ज्योति बाबा ने बताया कि यह सत्य है कि कौशल किशोर का पुत्र जिस तरह शराब सेवन के कारण असमय मौत का शिकार हुआ और पीछे परिवार में पत्नी बेटे के साथ सभी को ना भरने वाली पीड़ा दे गया लेकिन नमन है कर्मवीर आत्मबली लक्ष्य साधक कौशल किशोर को जिन्होंने दुख को अपना बल बनाकर यह संकल्प ले लिया कि अब देश के किसी बेटे बेटी को नशे के रोग से असमय मौत का शिकार नहीं बनने देंगे और बड़े बेटे की जलती चिता के




सम्मुख शपथ लिया कि अब पूरा जीवन नशा मुक्त युवा भारत के लिए जाति धर्म भाषा से ऊपर उठकर राष्ट्रवादी सोच से अंतिम सांस तक नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति से कार्य करूंगा,मात्र 2 साल में 600 से ज्यादा नशा मुक्त जन जागरूकता कार्यक्रम करते हुए टीम कौशल ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा चुके केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने भारत की राजधानी से 9 अगस्त को हिंदुस्तानियों नशा छोड़ो महा संकल्प के द्वारा नशा मुक्त खुशहाल भारत का शंखनाद करेंगे जिस प्रकार से अंग्रेजों भारत छोड़ो का आवाहन 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने करो या मरो नीति के तहत दिया था उसी प्रकार से पूरे देश को नशा मुक्त के संकल्पित सिपाहियों के द्वारा नशे की गुलामी से आजादी का सिंहनाद करेंगे, अनिल अग्रवाल आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन जिला प्रभारी लखनऊ ने कहा कि पूरा स्टेडियम तिरंगामय बनाकर राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत होकर भारत के अमर शहीदों के सपनों का देश बनाने के लिए प्राण प्रण से विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ संकल्पित भाव से नशा मुक्त युवा भारत अभियान को चलाएंगे ,मोहनलालगंज के विधायक अमरीश रावत ने कहा कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से जागरूकता का मंत्र लेकर नशा मुक्त अभियान का सिपाही देश के हर शहर में प्रथम चरण में स्मोक फ्री सिटी कोटपा 2003 ला के तहत बनाने का जमीनी कार्य शुरू करेंगे स प्रेस वार्ता में भाग लेने वाले प्रमुख विधायक मोहनलालगंज अमरीश रावत अनिल अग्रवाल जिला प्रभारी लखनऊ चेयरमैन आर आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस गंगाराम अंबेडकर मिशन सुरक्षा परिषद, कुंदन सैनी सोशल ऑडिट इत्यादि थे

## 11 अगस्त को भाजपा के सभी कार्यकर्ता करेंगें मुर्ती कि सफाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी की हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता मे हुई। बैठक कि समीक्षा करते हुये कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से लगे आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर घर–घर तिरंगा लहरना चाहिए। 13 अगस्त से 15 अगस्त तक घर–घर तिरंगा लगाने का अभियान चलना है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए मंडल से लेकर सेक्टर स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाए। उन्होने कहा कि जिला जौनपुर मे 2 लाख घरों तक तिरंगा फहराने का लक्ष्य है। जिसमे से प्रत्येक बिधानसभा से 25 हजार तिरंगा लगाने का लक्ष्य दिया है। औ पार्टी के सभी मोर्चा को भी लक्ष्य दिया गया हैं। सभी मंडल पर कमेटी बनाई गई है। 11 से 13 तक भाजपा जमीन पर उतर करके प्रभात फेरी का आयोजन होगा। 13, 14 और 15 तक सभी घर पर तिरंगा फहराया जाएगा।

# गुजरात साइंस सिटी बना देश का लोकप्रिय साइंस टूरिज्म डेस्टिनेशन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गुजरात साइंस सिटी ने अपने अत्याधुनिक वैज्ञानिक आकर्षण के साथ नए रिकॉर्ड बनाए लखनऊ। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में काम कर रहे हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के उद्देश्य से गुजरात का साइंस सिटी आम नागरिकों को विज्ञान से जोड़ने और मनोरंजन और अनुभवात्मक ज्ञान की सहायता से युवा मन में वैज्ञानिक स्वभाव विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। 107 हेक्टेयर से अधिक के हरे भरे क्षेत्र में फैले, मिशन कल्पनाशील प्रदर्शन, आभासी वास्तविकता गतिविधि कोनों और लाइव प्रदर्शनों को आसानी से समझने योग्य तरीके से बनाना है।यह शिक्षा और मनोरंजन का एकदम सही मिश्रण है। यह आम आदमी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की समझ प्रदान करने के लिए समकालीन और कल्पनाशील प्रदर्शन, दिमाग के अनुभव, कामकाजी मॉडल, आभासी वास्तविकता, गतिविधि कोनों, प्रयोगशालाओं और लाइव प्रदर्शनों को प्रदर्शित करता है।तीन नए आकर्षण–रोबोटिक्स गैलरी के साथ। एक्वाटिक गैलरी और नेचर पार्क, साइंस सिटी ने इस एक साल में कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह पर्यटकों के लिए स्वर्ग बन गया है। ये विश्व स्तरीय दीर्घाएं न केवल सभी उम्र के दर्शकों को आकर्षित कर रही हैं बल्कि उन्हें राज्य और राष्ट्र में एक महत्वपूर्ण विज्ञान पर्यटन स्थल भी बना रही हैं।जलीय गैलरी में 15,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में एक अत्याधुनिक गैलरी है, जिसमें 28 मीटर लंबी सुरंग के माध्यम से समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र और जलीय जीवों की खोज करने का अवसर है और रचनात्मक और पउउमतेपअम अनुभवों के साथ बड़े महासागर हैं। यह न केवल देश में बल्कि एशिया में भी शीर्ष एक्वैरियम में से एक है।गैलरी में 72 प्रदर्शनी टैंक हैं, जो दुनिया भर में जलीय जीवों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ छोटे से लेकर बहुत बड़े तक हैं। छात्र और आगंतुक 181 जलीय प्रजातियों का पता लगा सकते हैं जिनमें भारतीय, एशियाई, अफ्रीकी, अमेरिकी और दुनिया की अन्य जलीय प्रणालियां शामिल हैं। गैलरी में बच्चों और बड़ों के लिए एक आकर्षक सीखने के अनुभव के लिए टच पूल भी होंगे।रोबोटिक गैलरी सभी प्रकार के रोबोटों के साथ मानव–मशीन संपर्क के भविष्य की खोज के लिए एक आदर्श मंच है। एक ट्रांसफॉर्मर की एक विशाल मूर्ति प्रवेश द्वार पर रखी गई है, और स्वागत कक्ष में एक सुंदर ह्यूमनॉइड रोबोट, सभी आगंतुकों को प्राप्त करने के लिए हैं।आगंतुक रोबो इतिहास गैलरी और विशिष्ट उपयोग के मामलों के लिए बनाए गए रोबोटों को प्रदर्शित करने वाली गैलरी देख सकते हैं। स्पोर्ट–ओ–मेनिया सेक्शन में रोबोट गेम खेल रहे हैं, जबकि नाट्य मंडप में रोबोटिक ऑर्केस्ट्रा और नृत्य का एक सेट है। बोटुलिटी अनुभाग कठिन इलाकों के लिए रोबोटिक अनुप्रयोगों को प्रदर्शित करता हैय अंतरिक्ष में, सर्जरी में, दीवार पर चढ़ने के संचालन में, रक्षा में उपयोग में, और इसी तरह।साइंस सिटी 2.0 में 25.00 एकड़ क्षेत्र में फैला एक बड़ा नेचर पार्क एक नया आकर्षण है। नेचर पार्क को एक उत्कृष्ट प्रकृति पथ के साथ डिजाइन किया गया है जिसमें जल निकाय, फव्वारे, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, बाहरी प्रदर्शनियां और कई अन्य शामिल हैं।नेचर पार्क में ऑक्सीजन पार्क, मिस्ट बैंबू टनल और कैक्टस एरिना, कलर गार्डन, बटरफ्लाई गार्डन, भूलभुलैया, शतरंज सह योग गार्डन, ओपन जिम और विभिन्न मूर्तियां और सेल्फी पॉइंट जैसे विशिष्ट कोने शामिल हैं। प्रकृति शिक्षा प्रदान करने के अलावा, नेचर पार्क के संपर्क में स्वास्थ्य पर लाभकारी प्रभाव पड़ता है, तनाव कम होता है और उपचार को बढ़ावा मिलता है।जब से 16 जुलाई 2021 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा गुजरात साइंस सिटी 2.0 का उद्घाटन किया गया, तब से इसे स्वच्छ, हरे और सुरक्षित विज्ञान सीखने और अनुभव स्थान के रूप में असंख्य उत्साही और आम आगंतुकों द्वारा देखा गया है। विभिन्न विज्ञान दीर्घाओं में प्रदर्शित प्रदर्शन सभी आयु वर्गों को पूरा करते हैं और आम जनता के बीच वैज्ञानिक अन्वेषण को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं।पिछले एक साल में, गुजरात साइंस सिटी सभी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान केंद्रों के साथ बेंचमार्किंग करते हुए अधिक ऊंचाई पर पहुंच गया है। पिछले एक साल में करीब 10 लाख विजिटर्स ने साइंस सिटी का दौरा किया जो पिछले 20 सालों का रिकॉर्ड है। टाइम्स पत्रिका ने गुजरात साइंस सिटी को दुनिया के 50 सर्वश्रेष्ठ सीखने और घूमने वाले स्थानों में से एक के रूप में चित्रित किया है, जो साइंस सिटी के लिए गर्व का क्षण है। इस अवधि के दौरान साइंस सिटी का दौरा करने वाले विशिष्ट



अतिथियों और प्रतिनिधियों में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, माननीय केंद्रीय पर्यावरण और वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, श्री अश्विनी कुमार चौबे, संसदीय समितियों के माननीय सदस्य शामिल हैं। खाद्य और उपभोक्ता मामले, राजभाषा संबंधी एक अन्य समिति, एच.ई. श्री एसाला रुवान वीराकून, सार्क के 14वें महासचिव और विभिन्न राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों के कई अन्य गणमान्य व्यक्ति और प्रमुख वैज्ञानिक और उद्योग अधिकारी।विज्ञान के साथ समुदाय को जोड़ने के अपने मिशन के एक हिस्से के रूप में, साइंस सिटी विज्ञान को रुचि और उत्साह के साथ सभी के करीब लाने के लिए नियमित रूप से आउटरीच कार्यक्रमों, व्यावहारिक गतिविधियों, वैज्ञानिक–संवादात्मक सत्रों और आकाश अवलोकन कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित करता है।अत्याधुनिक वैज्ञानिक आकर्षणः रोबोटिक्स गैलरीः एक इंटरैक्टिव गैलरी जो रोबोटिक्स के क्षेत्र में विकास को प्रदर्शित करती है। एक सामाजिक रूप से कुशल ह्यूमनॉइड रोबोट मेहमानों का स्वागत करता है और उन्हें सुविधा से परिचित कराता है। जलीय गैलरीः यह आगंतुकों को एक्वा दुनिया की यादगार यात्रा पर ले जाती है जिसमें अत्याधुनिक जीवन समर्थन प्रणाली के साथ भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक एक्वैरियम है। एक्वेरियम तीन अलग–अलग टैंकों और 27 मीटर अंडरवाटर वॉकवे टनल में शार्क सहित कई प्रजातियों का घर है नेचर पार्कः 20 एकड़ से अधिक के क्षेत्र में फैला, नेचर पार्क साइंस सिटी के रोमांच का ताज है। इसमें एक मिस्ट बैम्बू टनल, एक ऑक्सीजन पार्क, एक बटरफ्लाई गार्डन, एक कलर गार्डन, एक शतरंज और बच्चों के लिए खेलने के क्षेत्र हैं।एम्फीथिएटरः गुजरात साइंस सिटी के एम्फीथिएटर (ओपन एयर थिएटर) की कुल क्षमता 1200 लोगों की है और वैज्ञानिक कार्यक्रम आयोजित करता है, विशेष रूप से विज्ञान को लोकप्रिय बनाना। शिक्षार्थी और समुदाय के नेता ऐसे माहौल को बढ़ावा दे सकते हैं जहां वैज्ञानिक तथ्य और आंकड़े थोड़ा नवाचार के लिए मंच के रोमांच, जुनून और शक्ति से मिलते हैं।एनर्जी पार्कः एनर्जी एजुकेशन पार्क एक हेक्सागोनल ग्रिड पैटर्न में लगभग 9000 वर्ग मीटर के कुल क्षेत्रफल को कवर करता है। एनर्जी पार्क में प्रदर्शनियों को वर्गीकृत करने के लिए प्राचीन भारतीय दर्शन के पांच प्राथमिक पहलुओं (पंचभूत) का उपयोग किया जाता है।हॉल ऑफ साइंसः हॉल ऑफ साइंस एक व्यापक रूप से खुली शोध सुविधा है जहां मेहमान व्यावहारिक शिक्षण प्रदर्शनों में भाग ले सकते हैं और अन्वेषण के माध्यम से विज्ञान का अध्ययन कर सकते हैं। यह आगंतुकों को प्रदर्शनों को छूकर और संचालित करके, साथ ही साथ उन्हें रेखांकित करने वाले पेचीदा विज्ञान के बारे में सीखकर उनके साथ बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करता है।हॉल ऑफ स्पेसः उच्च–रिजॉल्यूशन चित्रों और विजिटर–इंटरैक्टिव डिजिटल नियंत्रण डिस्प्ले के साथ, अंतरिक्ष अन्वेषण क्षेत्र अंतरिक्ष अनुसंधान और विकास में महत्वपूर्ण सफलताओं का वर्णन करता है।एलईडी स्क्रीनः गुजरात साइंस सिटी में बड़ी एलईडी (लाइट एमिटिंग डायोड) स्क्रीन पर 1,84,320 छोटे एलईडी, जिनका माप 20 • 12 फीट है, का उपयोग पात्रों को चित्रित करने या कथा दिखाने के लिए किया जाता है।जीवन विज्ञानः इसका लक्ष्य वैज्ञानिक ज्ञान और पारिस्थितिकी को बच्चों के अनुभव में लाना और उन्हें प्रकृति, मनुष्य और उनकी प्रगति के बारे में जानने के लिए प्रेरित करना है।हमारे ग्रह पर जीवन का गुणन और अस्तित्व। इस इमर्सिव आउटडोर पार्क का प्रमुख लक्ष्य युवाओं को प्रकृति के बारे में जानने और जीवन रूपों के विकास, प्रसार और अस्तित्व में रुचि रखने के लिए प्रेरित करना है।ग्रह पृथ्वीः इसका लक्ष्य लोगों को भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के बारे में लोगों को जागरूक करना, निर्देश देना और सिखाना है, साथ ही साथ हमारे ग्रह के आश्चर्यजनक वैभव और भरपूर वास्तविकताओं को बढ़ावा देना है।आईमैक्स 3डीः आईमैक्स अनुभव विश्व स्तर पर सबसे प्रभावशाली और इमर्सिव फिल्म अनुभव है। आईमैक्स तकनीक आपको आठ कहानियों तक की शानदार तस्वीरों और 12,000–वाट डिजिटल ऑडियो के साथ पहले कभी नहीं देखी गई दुनिया में पहुंचाती है।विज्ञान कार्यक्रमः साइंस सिटी में आयोजित कार्यक्रम और कार्यक्रम युवा दिमाग को वैज्ञानिक प्रश्नों से प्रेरित करते हैं और दुनिया को चलाने वाली खोजों और तथ्यों के लिए खिड़की खोलते हैं।

## हल्की बारिश में ही हुआ जलभराव : खुली नाले निर्माण की पोल

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) जिले के रुदौली नगर पालिका प्रशासन द्वारा हाल ही में लगभग 9 लाख रुपए की लागत से नगर के टेढ़ी बाजार मोहल्ले में वर्षा के दिनों में जलभराव से निजात पाने के लिए नाले का निर्माण कराया गया था और रूदौली पालिका प्रशासन ने दावा किया था कि अब टेढ़ी बाजार मोहल्ला जलभराव से मुक्त हो जाएगा परंतु बुधवार को मात्र 10 मिनट की वर्षा के दौरान यह साबित हो गया कि बारिश के दिनों में टेढ़ी बाजार मोहल्ला वाली गली में सदैव जलभराव होता रहेगा। यदि यह बारिश लंबे समय तक खींची तो जलभराव होने के बाद लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर जाएगा। मोहल्ले वासियों ने नगर पालिका प्रशासन से गुहार लगाई है कि अभिलंब नवनिर्मित नाले पर पत्थरों को हटाकर नाले की विधिवत सफाई कराई जाए क्योंकि बारिश का महीना चल रहा है यह समय रहते नाला सफाई नहीं किया गया तो भारी बारिश में पटाहर वाली गली में जल भराव ही जलभराव नजर आएगा।

## तिरंगा जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पट्टीनरेंद्रपुर चौराहे पर चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय सेवा योजना,गांधी स्मारक पीजी कालेज समोधपुर,जौनपुर के तत्वावधान में प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह 'रानू' के संरक्षकत्व में प्राचार्य प्रो.बी .के .निर्मल के की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पट्टीनरेंद्रपुर चौराहे पर चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि देश के अमर शहीदों द्वारा राष्ट्र निर्माण में किए गए योगदानों को जन–जन तक पहुंचाना आजादी के अमृत महोत्सव का मुख्य उद्देश्य है।पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह कार्यक्रम पूरे देश और प्रदेश में आयोजित हो रहा है। उन्होंने बताया कि हर घर पर तिरंगा लहराने से देश के नागरिकों में देश प्रेम और राष्ट्रवाद की भावना प्रबल होगी इस



कार्यक्रम के तहत एनएसएस के स्वयं सेवकों एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा आजाद की प्रतिमा और चौराहे के आसपास साफ सफाई की गई इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी.एड.के छात्राध्यापक,एनएसएस एवंरोवर्स–रेंजर्स के स्वयंसेवकों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करके उन बलिदानियों को याद किया जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाई और आजाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ पंकज सिंह,कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक प्रताप सिंह विसेन, डॉ नीलमणि सिंह ,डॉ लक्ष्मण सिंह, डॉ लालमणि प्रजापति, ओमप्रकाश तिवारी, समाजसेवी दशरथ सिंह तथा अन्य गणमान्य नागरिकएवं छात्र– छात्राएं उपस्थित रहे।डॉ. राकेश कुमार यादव कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।

## जगदीश पटेल व डॉक्टर विजय चंद्र पटेल को अंगवस्त्र माला पहनाकर किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपना दल एस जनपद जौनपुर के कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष शिव नायक पटेल की अध्यक्षता में कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग द्वारा अपना दल पार्टी एस की राज्य स्तरीय मान्यता देने पर खुशियां मनाई मिठाइयां बांटी पार्टी के पुराने कार्यकर्ता श्री जगदीश पटेल व डॉक्टर विजय चंद्र पटेल को अंगवस्त्र माला पहनाया सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव अपना दल एस माननीय पप्पू माली ने पार्टी की राज्य स्तरीय मान्यता मिलने पर खुशी का इजहार करते हुए स्नेह श्रेय कार्यकर्ता को दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत पार्टी आज प्रदेश में तीसरे नंबर की पार्टी बन गई अब समय आ गया है कि अपना दल यस पार्टी उत्तर प्रदेश में तीसरी शक्ति के रूप में स्थापित हो गई है अब हमारे पार्टी का लक्ष्य है की हमारी पार्टी उत्तर प्रदेश में 2024 तक दूसरे नंबर की पार्टी के रूप में स्थापित हो जाए इसके लिए हम सब कार्यकर्ता को अपने राष्ट्रीय नृत्य के निर्देशानुसार संगठन को और मजबूत बूथ स्तर तक पहुंचाना होगा हर बूथ पर हमारे अपना दल के कम से कम 25 कार्यकर्ता बन जाना है तभी हम 2024 में दूसरे नंबर की पार्टी के रूप में स्थापित कर सकते हैं आने वाला 7 तारीख से अपना दल एस पार्टी सदस्यता अभियान का शुभारंभ



करने जा रही है इस सदस्यता अभियान में पार्टी के कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को अपना दल एस पार्टी की सदस्यता दिलाना होगा हर जाति धर्म मजहब के लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाना होगा और अपने नेता बहन अनुप्रिया पटेल जी के जो सपना जो सोच है उसको कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना होगा तभी हम अपने स्वर्गी नेता अपना दल संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल जी सच्ची श्रद्धांजलि दे पाएंगे और उनके सपनों को पूरा कर पाएंगे सभी कार्यकर्ताओं को बहुत–बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा तथा साथ में अपना दल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री बहन अनुप्रिया पटेल के संघर्षों का नतीजा है कि आज पार्टी की दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ रही है कार्यकर्ताओं में बृजेश कुमार,राजेंद्र प्रजापति, राम सामुर ,आशीष पटेल शेष नारायण खरवार आदि लोग उपस्थित रहे।अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव नारायक पटेल तथा जिला अध्यक्ष व्यापार मंच अनिल जायसवाल ने दिया

## पंजीकृत समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान 01 अगस्त 2022 से प्रारम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्व साधारण को अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के दिशा निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान 01 अगस्त 2022 से प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये हैं। अतः जनपद के समस्त गणमान्य नागरिकोंध्राजकीय विभाग अर्द्धशासकीय संस्थाओं बैंक पोस्ट आफिस में कार्यरत समस्त अधिकारीध्कर्मचारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को अवगत कराना है कि मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्र करने हेतु समस्त बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा 01 अगस्त 2022 से घर–घर भ्रमण के दौरान मतदाताओं के आधार नम्बर एकत्र करने हेतु आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र फार्म–6बी में आधार नम्बर एकत्रीकरण की कार्यवाही की जायेगी। उक्त के अतिरिक्त मतदाताओं द्वारा स्वयं भी NVSP] Voter PORTAL] & VHA ¼VOTER HELP LINE APP½ इत्यादि के माध्यम से आनलाइन फार्म–6बी भरे जाने की सुविधा आयोग द्वारा प्रदान की गई है। शत प्रतिशत स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु 7 अगस्त 2022 (रविवार) एवं 21 अगस्त 2022 (रविवार) को विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थलों पर किया जायेगा।उक्त अभियान दिवसों को जिन नागरिकों की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गई है या जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है वे भी अपना नाम सम्मिलित कराने हेतु फार्म–6 भरकर प्राप्त करा सकते है। मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट, अनर्ह मतदाताओं के नाम विलोपन हेतु फार्म–7 तथा पहचान पत्र खोनेध् नष्ट होने के फलस्वरूप नया पहचान पत्र बनवाने या स्थान परिवर्तन हेतु फार्म–8 भरकर बीएलओ को प्राप्त करा सकते है। तत्क्रम में आप सभी से अपेक्षा है कि अपनी स्वेच्छा से माननीय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र करने हेतु निर्धारित फार्म–6बी में अपना आधार नम्बर अंकित करके हार्ड कापी में अपने बूथ लेविल आफिसरध्तहसील पर स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्रोंध्आनलाइन किये जाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें।

## मड़ियाहूं पुलिस ने बाइक चोर की गिरफ्तारी की मनगढ़न्त कहानी का सेहरा बांधा मुखबिर के सिर

जौनपुर पत्रकार मनीष श्रीवास्तव : मड़ियाहूं थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरारी महादेवा गांव में तेरही में सम्मिलित होने गए युवक की दिनांक 09/07/2022 की रात बाइक पैसन प्रो यू.पी. 62 बी.आर. 3440 को बाइक चोर द्वारा किया गया चोरी, उक्त बाइक चोरी की घटना के सम्बन्ध में युवक द्वारा थाने में दिया गया तहरीर किन्तु थाना पुलिस ने नहीं की थी कोई कार्यवाही। वही बाइक चोर को स्थानीय ग्रामीणों ने चोरी की बाइक के साथ दिनांक 10/07/2022 की सुबह चोरारी नहर के निकट धर दबोचा जिसके बाद बाइक चोर को मड़ियाहूं थाना पुलिस को सौप दिया गया, बताते चले की मड़ियाहूं थाना क्षेत्र में लगभग 6 माह में कईयों बाइक चोरी की घटना घटित हो चुकी हैं।मड़ियाहूं थाना पुलिस खुद की पीठ थपथपाते हुए ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए बाइक चोर सहित चोरी की बाइक थाना पुलिस ने मुखबिर खाश का हवाला बताते हुए दिनांक 12/07/2022 को सत्तीमाई तिराहे से बाइक चोर को दिखाया गिरफ्तार, जिसके पश्चात थाना पुलिस ने दो दिनों तक न जाने किन कारणों से उक्त बाइक चोर को रखा मड़ियाहूं थाने में जिसके बाद थाना पुलिस ने खुद की पीठ थपथपाते बहादुरी दिखाते हुए अभियुक्त बाइक चोर को भेजा जेल, जबकि की वास्तविक कहानी अनुसार उक्त शातिर बाइक चोर को स्थानीय ग्रामीणों ने चोरी की बाइक संग पकड़ा था फिर न जाने मड़ियाहूं थाना पुलिस एक नई कहानी गढ़ते हुए अपने उच्चाधिकारियों को खुश करने की जुगत में ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए चोर को मुखबिर खाश के सिर सेहरा बांध दिया जो समझ के परे है।

## जिला खेल कार्यालय : जौनपुर में कर सकते हैं आवेदन

शाहगंज/जौनपुर।पत्रकार– धनन्जय विश्वकर्मा : प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को निखारने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग आदि के लिए आर्थिक पक्ष बाधा नहीं बन सकेगा। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व स्पोर्ट्स रिसर्च स्कॉलर्स के कैरियर में आने वाली आर्थिक चुनौतियों को मिटाने के लिए प्रदेश सरकार ने "एकलव्य क्रीडा कोष" की योजना तैयार की है जिसके माध्यम से खेल विभाग द्वारा उदीयमान व उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहन व संवर्धन प्रदान करने के लिए पांच लाख तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य खिलाड़ियों को ओलंपिक गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स, वर्ल्ड कप, वर्ल्ड चैंपियनशिप, सैफ गेम्स व राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए प्रदेश में पदक विजेता खिलाड़ी तैयार करना है। इसके साथ ही खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को अत्याधुनिक उपकरण देना, अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण की व्यवस्था करना और खिलाड़ियों का स्वास्थ्य बीमा कराना भी शामिल है। एकलव्य क्रीडा कोष नियमावली 2021 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता अथवा फेलोशिप केवल उत्तर प्रदेश के मूल निवासी तथा उत्तर प्रदेश की ओर से संबद्धता प्राप्त खेल संघों की ओर से अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को ही मिलेगा। इलाज वह अध्ययन के लिए भी सहयोग मिलेगा। खेल प्रतियोगिता व प्रशिक्षण के दौरान लगने वाली चोटों के इलाज के लिए खिलाड़ियों को वास्तविक व अथवा अधिकतम पांच लाख तक की धनराशि (जो भी कम हो) उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा प्रदेश के निवासी खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स रिसर्च करने अथवा एन आई एस से डिप्लोमा इन कोचिंग आदि के लिए भी फेलोशिप प्रदान की जाएगी।यह जानकारी डॉ० अतुल सिन्हा, क्रीडा अधिकारी जौनपुर द्वारा दी गई है।

## बागपत और दिल्ली में धूम मचा रहा सिसाना के विनित चौहान के बाग का अमरूद

बागपत, उत्तर प्रदेश। विवेक जैन।बागपत जनपद के सिसाना गांव में स्थित विनित चौहान के बाग के अमरूद दिल्ली एनसीआर सहित आस–पास के जनपदों में धूम मचा रहे है। आर्गेनिक खेती पर आधारित विनित चौहान के अमरूद के बाग के अमरूदों की बाजार में बहुत तेजी से मांग बढ़ रही है। केमिकल रहित इन अमरूदों को स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत लाभदायक माना जाता है। बाग के संचालक विनित चौहान ने बताया कि वर्तमान में



अमरूद के बाग में मुख्य उत्पादक नस्ल थाई वीएनआर अमरूद की है। इसके अलावा चाईनीज अमरूद, सेब अमरूद, काला अमरूद, इलाहबादी, पिंक जैसी अनेकों नस्लों के अमरूद के पेड़ बाग में उपलब्ध है। बाग में आलू बुखारा, अनार, सेब, मौसमी, नींबू, केला, कीनू, लीची, बादाम, आम, कटहल, अंजीर, ऑवला, बेल पत्थर, मालाबार नीम और मोहगनी टिम्बर जैसे अनेकों उपयोगी पेड़ लगाये हुए है। बताया कि थाई वीएनआर अमरूद नस्ल से साल में दो बार अमरूद प्राप्त होते है। पेड़ लगाने के बाद पेड़ से 2 वर्षो के अन्दर अमरूद प्राप्त होने लगते है। आर्गेनिक खेती से 1 अमरूद के पेड़ से लगभग 40 से 50 किलो अमरूद प्राप्त होते है। विनित चौहान बताते है कि बाग में समस्त खेती आर्गेनिक पद्धति पर आधारित है। खेती में केमिकल का नाममात्र के लिए भी प्रयोग नही होता है, जिस कारण उनके बाग के फल स्वाद से भरपूर तो होते ही है साथ ही साथ स्वास्थ्यवर्धक भी होते है। उन्होंने बताया कि अमरूद की खेती में उनके पिता जसपाल चौहान, भाई विक्रान्त चौहान, भाभी शशि प्रभा सहित परिवार के समस्त सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

## नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य को लेकर विश्व स्तनपान सप्ताह का जिला महिला चिकित्सालय में हुआ आयोजन

जौनपुर पत्रकार मनीष श्रीवास्तव : जिला महिला चिकित्सालय परिसर में दिनांक 5 अगस्त को विश्व स्तनपान सप्ताह मनाये जाने के परिपेक्ष में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें सभी को ज्ञात हैं कि नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए प्रति जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम




में आज पूर्वांचल विश्वविद्यालय से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की नोडल डॉ जानवी श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ महिला चिकित्सालय पहुंच कर महिला चिकित्सालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तबस्सुम बानो के साथ मिलकर कार्यक्रम को संपन्न कर लोगों को जागरूक किया। डॉक्टर तबस्सुम बानो ने स्तनपान के फायदे लोगों को बताया वही डॉक्टर डॉ दीपक ने इस विषय पर बहुत सारी महत्वपूर्ण जानकारी कार्यक्रम के दौरान बताएं। इस कार्यक्रम को अति प्रभावशाली बनाने में जिला महिला चिकित्सालय के सदस्य कर्मचारियों ने सहभागिता निभाया, सूर्य प्रताप हेल्पडेस्क अरुण मौर्य एच.ई.ओ. , ज्योति काउंसलर, नीलू हेल्प डेस्क, बृजेश ओ.टी.आपरेटर, फार्मासिस्ट राकेश पटेल, अतहर समीम, भावना, शिवम पंकज ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया। सीमा सिंह काउंसलिंग कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और स्तनपान के मनोवैज्ञानिक पक्ष पर जानकारी दी सीमा सिंह ने कहा शिशुओं के लिए माँ का दूध हितकारी है सभी महिलाओं को स्तनपान बच्चों को अवश्य करवाना चाहिए।

## अब 15 अगस्त से चलेगी गोमती नगर एक्सप्रेस

गोरखपुर ब्यूरो : से चलने वाली गोमतीनगर एक्सप्रेस अब स्वतंत्रता दिवस के दिन यानी 15 अगस्त से चलाई जाएगी। इसके साथ छह और ट्रेनों के संचलन तिथि में बदलाव किया गया है। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।इन ट्रेनों के संचलन तिथि में बदलाव गोरखपुर–नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ी 05 अगस्त के स्थान पर 12 अगस्त से चलाई जाएगी। नरकटियागंज–गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 05 अगस्त के स्थान पर 12 अगस्त से चलाई जाएगी।गोरखपुर–सीवान अनारक्षित विशेष गाड़ी 06 अगस्त के स्थान पर 13 अगस्त से चलाई जाएगी। सीवान–गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 06 अगस्त के स्थान पर 13 अगस्त से चलाई जाएगी। गोरखपुर–गोमतीनगर एक्सप्रेस 08 अगस्त के स्थान पर 15 अगस्त से चलाई जाएगी। गोमतीनगर–गोरखपुर एक्सप्रेस 09 अगस्त के स्थान पर 16 अगस्त से चलाई जाएगी। अब रोजाना चलेगी गोरखपुर–पाटलीपुत्र एक्सप्रेस गोरखपुर–पाटलीपुत्र–गोरखपुर एक्सप्रेस 07 अगस्त के स्थान पर 14 अगस्त से सप्ताह में पांच दिन के स्थान पर प्रतिदिन चलाई जाएगी।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर स्व०पंडित जनेश्वर मिश्र का जंयती समारोह हुआ सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर स्व०पंडित जनेश्वर मिश्र का जंयती समारोह बडे धूमधाम मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाउपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल ने जंयती समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंडित जनेश्वर मिश्र समाजवादी पार्टी के एक राजनेता थें समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके दृढ़ निष्ठा के कारण वे छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध थे वे कई बार लोकसभा और राज्य सभा के सदस्य रहे उन्होंने मोरारजी देसाई,चौधरी चरण सिंह,विश्वनाथ प्रताप सिंह, चन्द्र शेखर, एच डी देवे गौड़ा,और इन्द कुमार गुजराल,के मंत्रिमंडल में काम किया 7 बार केंद्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न गाड़ी भी और नहीं बंगला उनके नाम पर लखनऊ में एशिया का सबसे बड़ा पार्क सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा निर्माण कराया गया जनेश्वर मिश्र का जन्म 5 अगस्त 1933 को बलिया के शुभनथहीं गांव में हुआ था उनके पिता रंजीत मिश्रा किसान थें बलिया में प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद 1953 में इलाहाबाद पहुंचे हैं जो उनका कार्यक्षेत्र रहा है जनेश्वर को आजाद भारत के विकास की राह समाजवादी सपनों के साथ आगे बढ़ने में दिखी और समाजवादी आंदोलन इतना पगे कि उन्हें लोग छोटे लोहिया के तौर पर ही जानने लगे । समारोह में मुख्य रूप से हिरालाल विश्कर्मा,राहुल त्रिपाठी,विवेक रंजन यादव, राजेन्द्र टाईगर,रुक्सार अहमद,राकेश यादव, गप्पू मौर्या विजय सिंह बागी,उपस्थित रहे

## थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस ने बलात्कार व आईटीएक्ट के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय मय हमराह थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर आज दिनाकं 05/08/2022 को मु0अ0सं0 148/22 धारा 376/506 भादवि व 67 आईटी एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त मंजीत कुमार पुत्र बिन्द कुमार निवासी पकडी थाना मुंगराबादशाहपुर जौनपुर को तरहटी चौराहे से थोड़ी दूर पहले से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं ।गिरफ्तार अभियुक्त –मंजीत कुमार पुत्र बिन्द कुमार निवासी पकडी थाना मुंगराबादशाहपुर जौनपुर उम्र 25 वर्ष



गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1. श्री सदानन्द राय प्र0नि0 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर ।2. का0चा0 मनोज कुमार चौबे थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर ।3.का0 ओमप्रकाश मिश्रा थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 4.का0 गया प्रसाद पटेल थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर ।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकासखंड केराकत में बने गौ–संरक्षण केंद्र का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकासखंड केराकत की ग्राम पंचायत सरौनी, पूरब पट्टी में बने गौ–संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि गौ सरंक्षण केंद्र में 233 गोवंश संरक्षित है। केंद्र पर भूसा, हरा चारा और पशुओं को दी जाने वाली सुविधाएं उपलब्ध मिली। गौ संरक्षण केंद्र में बर्मी कम्पोस्ट भी तैयार किया जा रहा है जिसे देखकर उन्होंने खुशी व्यक्त की। जिलाधिकारी द्वारा गोवंशों को गुड़ एवं केला खिलाया गया। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अजय यादव को निर्देश दिया कि नियमित रूप से गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया जाए और पशुओं का अच्छे से इलाज किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी गोवंश की मृत्यु चारे एवं इलाज के अभाव में न हो। जिलाधिकारी ने गौ संरक्षण केंद्र के चारों तरफ बाउंड्री वॉल बनाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिया। उन्होंने गौ सरक्षण केंद्र के बगल में ग्रीन पार्क के रूप में विकसित करने का निर्देश ग्राम प्रधान को दिया। गांव से मुख्य मार्ग तक कि सड़क को ठीक कराने के निर्देश ग्राम प्रधान को दिया। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा



गौ संरक्षण केंद्र परिसर में पंचायती राज विभाग के द्वारा 25 लाख की लागत से बन रहे गोबर गैस प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार के द्वारा बताया गया कि गो संरक्षण केंद्र से निकलने वाले गोबर से यह गोबर गैस प्लांट चलाया जाएगा और गोबर गैस प्लांट से निकलने वाली ऊर्जा से अगल–बगल के घरों में गैस एवं रोशनी की सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि गोबर गैस प्लांट से जो गोबर निकलेगा उस की उर्वरा शक्ति सामान्य गोबर से ज्यादा होगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी केराकत माज अख्तर, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आईजीआरएस के संबंध में बैठक हुई संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आईजीआरएस के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस की शिकायतों का निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से वार्ता अवश्य कर ली जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतों को डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने दिया जाए। आईजीआरएस के निस्तारण के लिए समस्त अधिकारी स्वयं प्रतिदिन इसकी निगरानी करें और देखें कि आईजीआरएस पर किस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं और उसका निस्तारण समय से और गुणवत्तापूर्ण करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि आइजीआरएस पर किसी प्रकार की पेंडेंसी नहीं रहने दे अन्यथा उनका स्पष्टीकरण एवं वेतन बाधित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देश



दिया कि हर गांव के सीमा स्तंभ लगाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पत्रकार उत्पीड़न में आईजी समेत 10 से मांगा स्पष्टीकरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शहर कोतवाली थाना अंतर्गत बल्लोचटोला से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र के प्रेस कार्यालय पर कोतवाली पुलिस के द्वारा की गई तोड़फोड़ और लूटपाट की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए माननीय अध्यक्ष प्रेस परिषद के द्वारा आईजी समेत अन्य 10 पुलिस कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग 2 सप्ताह के भीतर किया गया। प्रीत टाइम्स की खबर बाहुबली का यार बना मददगार के शीर्षक को लेकर कोतवाली पुलिस ने प्रेस और कार्यालय में तोड़फोड के साथ–साथ पत्रकार के घर परिजनों को बंधक बनाकर लूटपाट करने और दहशत मचाने की घटना कारित किया । पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के कार्यकाल में 4 जुलाई 2021 को शाम 5:30 शहर कोतवाल रहे संजीव कुमार मिश्रा ने वर्तमान एसपी सिटी डॉक्टर संजय कुमार तथा सीओ सिटी जितेंद्र कुमार दुबे की अगुवाई में क्रमशः चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार पांडे, संतोष कुमार पांडे, विवेक कुमार तिवारी, चंदन राय एवं तारा यादव के अलावा दर्जनों पुलिस कर्मियों ने संपादक को बंधक बनाकर प्रेस कार्यालय तथा घर पर लूटपाट और तोड़फोड़ किया था। पीड़ित पत्रकार ने जिसकी शिकायत अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के साथ साथ माननीय अध्यक्ष भारतीय प्रेस परिषद के समक्ष किया । जिसे संज्ञान में लेते हुए प्रेस की स्वतंत्रता पर अतिक्रमणध् कुठाराघात का स्पष्ट मामला बताते हुए आरोपी पुलिसकर्मियों को 2 सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण देने का आदेश जारी किया। माननीय प्रेस परिषद के द्वारा की गई कार्यवाही के द्वारा जहां पीड़ित पत्रकार तथा उसके परिवार को न्याय की उम्मीद प्रतीत हो रही है वही पत्रकारों में कर्म और निष्ठा की आस जागृत होती नजर आ रही है।

# पीड़ित ने लगाया बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात कर्मियो पर पैसा लेने का आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में स्वास्थ्य व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट पा रही है।इस समय जहां एक ओर उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्रों पर जगह–जगह निरीक्षण और हिदायतो का असर अयोध्या जनपद के सीएचसी बीकापुर में नहीं दिखाई पड़ रहा है।जिसका जीता जागता उदाहरण प्रसव के लिए आई महिला के मामले में पैसा लेने और बाहर से दवा लिखने का मामला प्रकाश में आया है।यह आरोप पीड़िता के परिजन ने लगाया है। पीड़ित के मुताबिक बीकापुर विकासखड क्षेत्र के मंहावा गांव निवासी प्रसव पीड़िता के परिजनों से प्रसव के बाद स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सुविधा शुल्क के नाम पर 4500 रुपए डिमांड किए जाने का आरोप है। यही नहीं अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद 900 की बाहर से दवा लिखने के लिए लिखा गया।गुरुवार को पीड़ित द्वारा जनसुनवाई शिकायत पोर्टल पर मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को शिकायत पत्र भेजकर प्रकरण से अवगत कराया गया। और दोषियों के विरुद्ध जांच कर कार्यवाही की मांग की गई। इस संबंध में महावा गांव निवासी ईश्वर दीन द्वारा बताया गया कि उन्होंने अपनी 26 वर्षीय बहन कुसुम पत्नी सुनील कुमार को प्रसव के लिए 1 अगस्त को आशा कार्यकत्री सीमा तिवारी के साथ एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में ले जाकर एडमिट कराया गया। जहां पर उनकी बहन कुसुम ने नॉर्मल प्रसव द्वारा स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद



अस्पताल में प्रसव कराने के नाम पर 4500 ले लिया गया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद घर आने के पहले 900 की बाहर की दवा मंगाई गई। वही घर जाने के लिए एंबुलेंस सेवा उपलब्ध ना होने पर प्राइवेट वाहन करके ढाई सौ रुपए देकर घर पहुंचा गया। जबकि पीड़ित द्वारा भेजे गए शिकायत पत्र में कहा है कि वह काफी गरीब और मजदूर व्यक्ति है अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच करके दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही और उसका पैसा वापस दिलाया जाना चाहिए।इस संबंध में अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।

# शासन द्वारा तय समय पर नदारद दिखे सीएचसी बीकापुर में कई चिकित्सक सहित कई स्वास्थ्य कर्मी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय जहां एक ओर योगी सरकार के शासन काल में किसी भी मामले में कोताही व लापरवाही बरतने वाले को छोड़ा नहीं जाएगा। जिसके चलते सभी विभागों में कोई हीलाहवाली नहीं नजर आती दिखाई दे रही है।परंतु इस समय अयोध्या जिले के बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इसका असर नहीं दिखाई दे रहा है।जिसका जीता जागता उदाहरण वहां पर खाली कुर्सियां दिखाई देती नजर आ रही है। वही बीकापुर में स्थित इस स्वास्थ्य केंद्र पर समय से ड्यूटी पर पहुंचने के निर्देशों का पालन नहीं हो पा रहा है।इस संबंध में हमारे सूत्र को बताया गया कि शासन द्वारा अस्पताल खुलने एवं ओपीडी का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। लेकिन गुरुवार सुबह 9:30 बजे तक सीएचसी बीकापुर में कई चिकित्सक सहित कई स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे थे।वही कुर्सियां खाली पड़ी थी। इमरजेंसी रूम प्रयोगशाला खुला हुआ था लेकिन कोई स्वास्थ कर्मी अंदर मौजूद नहीं मिला।रजिस्टर काउंटर और दवा वितरण कक्ष में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद मिले। कई मरीज और उनके तीमारदार ओपीडी




हाल में भटकते नजर आए। सुबह 9:15 बजे दंत विभाग में दंत चिकित्सक डॉ अशोक वर्मा मौजूद मिले। जबकि अधीक्षक के कमरे का दरवाजा बंद मिला। अन्य ओपीडी के कमरे में भी चिकित्सकों की कुर्सी खाली मिली।आयुष्मान वार्ड में भी कोई नहीं मौजूद था। स्वास्थ शिक्षा अधिकारी देव प्रकाश वर्मा के कमरे में ताला बंद मिला।संविदा महिला चिकित्सक सबीना 9:25 पर अस्पताल ओपीडी में पहुंची तथा डॉ वेद प्रकाश 9:30 बजे अपने वाहन से अस्पताल पहुंचे। जबकि अस्पताल में करीब आधा दर्जन चिकित्सकों की तैनाती हुई है।क्षेत्र के निवासी जागरूक लोगों द्वारा प्रथम संदर्भन इकाई का दर्जा प्राप्त सीएचसी बीकापुर की बदहाली को दूर किए जाने की मांग की है।

## बाराबंकी में बीडीओ के इस्तीफे पर डीएम सीडीओ ने आरोपों को बताया निराधार, निरीक्षण में मिली थी वित्तीय अनियमितताएं

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या मंडल अयोध्या के बाराबंकी जिले के ब्लॉक रामनगर के बीडीओ अमित त्रिपाठी के इस्तीफे के मामले में बाराबंकी डीएम डॉ आदर्श सिंह और मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह ने सफाई दिया है। इस दौरान इन दोनों अधिकारियों ने बीडीओ अमित त्रिपाठी के सभी आरोपों को बेबुनियाद और निराधार बताया है।वही बीडीओ अमित त्रिपाठी के इस्तीफे की बात सरकार तक पहुंच चुकी है। जिसमें जांच के आदेश भी हो गए हैं।डीएम और सीडीओ को शासन से बुलावा भी आ गया है। इस मामले में डीएम आदर्श सिंह और सीडीओ एकता सिंह की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि शासन के निर्देशों के क्रम में उच्च अधिकारी सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण करते हैं। स्थलीय कार्यों का भौतिक सत्यापन करना उच्च अधिकारियों का दायित्व होता है। इसी कड़ी में जिले के अन्य ब्लाकों के साथ रामनगर ब्लॉक का भी निरीक्षण किया गया था। इस संबंध में डीएम और सीडीओ ने संयुक्त रूप से बताया कि रामनगर ब्लॉक के निरीक्षण के दौरान कई खामियां और वित्तीय अनियमितताएं मिली थीं।इसके साथ ही साथ रामनगर ब्लॉक में मिली खामियों की रिपोर्ट कार्रवाई के लिए शासन को प्रेषित की जा चुकी है। इस तरह से डीएम और सीडीओ ने बीडीओ अमित त्रिपाठी के सभी आरोप बेबुनियाद और निराधार बताया है। मालूम हो कि बाराबंकी जिले में खंड विकास अधिकारी रामनगर अमित त्रिपाठी के इस्तीफे मामले का अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने संज्ञान लिया है।उन्होंने मामले की जांच ग्राम्य विकास आयुक्त को सौंपी है। अपर मुख्य सचिव ने ग्राम्य विकास आयुक्त को जांच के लिए दिए गए



निर्देश में सख्त लहजे में कहा है कि खंड विकास अधिकारी रामनगर अमित त्रिपाठी ने अपने पत्र में मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी द्वारा मानसिक रूप से अत्यधिक प्रताड़ित करने व अपमानित करने का आरोप लगाया है। जिससे परेशान और मजबूर होकर उन्होंने त्याग पत्र दे दिया है। इसलिये पत्र में अंकित तथ्यों की जांच कराकर स्पष्ट संस्तुति सहित आख्या शासन को तत्काल उपलब्ध कराई जाए।बताते चलें कि बीडीओ अमित त्रिपाठी ने बाराबंकी की मुख्य विकास अधिकारी को दिए गए अपने त्याग पत्र में लिखा है कि पिछले एक माह से आप लोगों (डीएम और सीडीओ) के द्वारा मुझे अत्याधिक परेशान किया जा रहा है। प्रताड़ना की पराकाष्ठा पार हो जाने के कारण मैं अत्यधिक परेशान और मजबूर हो चुका हूं। साथ ही मेरा परिवार भी मेरी हालत देखकर परेशान व विचलित है।

## एसपी सिटी ने घाटों की सफाई व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुरू किया अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)गत दिनों अयोध्या आये सीएम योगी आदित्यनाथ जी महाराज के अयोध्या के घाटों मंदिरों के आसपास सफाई को लेकर दिए गए निर्देश के बाद अयोध्या जनपद के एसएसपी प्रशांत वर्मा ने घाटों की सफाई को लेकर सराहनीय कदम उठाया है।एसएसपी के निर्देश पर गुरुवार को एसपी सिटी विजयपाल सिंह ने गुप्तार घाट पर जाकर वहां के दुकानदारों के साथ मीटिंग करके उन्हें घाटों को स्वच्छ व सुंदर बनाये रखने की बात बताई। घाट पर ठेला खोमचा लगाने वाले तथा नाविकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि अयोध्या स्वच्छ व सुंदर रहे जिससे यहां आने वाले पर्यटक आकर्षित हो और यह संदेश पूरी दुनिया मे जाए। घाटों की स्वच्छता हम सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने डस्टबीन रखने का निर्देश दिया। तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कैंट रतन शर्मा मीरन घाट चौकी इंचार्ज शिवानंद यादव को उक्त आदेश का शत प्रतिशत अनुपालन कराने का निर्देश दिया। सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों पर बेहतर सफाई रखने और आने वाले ग्रहको को कूड़ेदान का उपयोग करने को प्रेरित करने को भी कहा गया। एसपी सिटी ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत घाट पर उपस्थित लोगों को तिरंगा भेंट कर उसे अपने घरों पर लगाने की भी बात कही।

## मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनाएं के अन्तर्गत गठित कृषि तकनीकी प्रबन्ध अभिकरण (आत्मा) गर्वनिंग बोर्ड की बैठक हुई सम्पन्न

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सत्र मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनाएं के अन्तर्गत गठित कृषि तकनीकी प्रबन्धा अभिकरण (आत्मा) गर्वनिंग बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपनिदेशक कृषि ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं कृषकों को देय विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया तथा जिलाधिकारी की अनुमति से गर्वनिंग बोर्ड में अनुमोदित होने वाले प्रस्ताव प्रस्तुत किये। इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2021–2022 में व्यय धनराशि की पुष्टि की गया। इस बैठक में उपनिदेशक कृषि ने वर्ष 2022–23 में कृषि निदेशालय से प्राप्त लक्ष्यों से अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में कृषि विभाग के लिए 93.64 लाख, उद्यान विभाग के लिए 6.94 लाख, पशुपालन के लिए 7.68 लाख, मत्स्य विभाग के लिए 1.84 लाख, गन्ना के लिए 6.62 लाख, कृषि विभाग केन्द्र के लिए 86 हजार तथा संविदा कर्मियों के मानदेय हेतु 237.92 लाख कुल 355.5587 लाख रूपये के वित्तीय व्यय का अनुमोदन प्रदान किया। समिति द्वारा जनपद के प्रत्येक दो आबाद ग्रामों पर एक–एक अग्रणी कृषक के चयन के क्रम में 581 अग्रणी कृषकों के चयन को अनुमोदन प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रचार कार्यो में स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता हेतु 04 स्वयंसेवी संस्थाओं के पैनल को सदन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।इस अवसर पर किसान उमानाथ शुक्ला ने जिलाधिकारी द्वारा जनपद के ग्राम पंचायतों में संचालित कराये जा रहे पुस्तकालयों की सार्थकता व उससे जनसामान्य व ग्रामीणों में होने वाले लाभ से अवगत कराते हुये जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में संचालित पुस्तकालयों में कृषि कार्नर को बनाने तथा उनमें कृषि से सम्बधित समस्त विभागों की सभी योजनाओं व उन्नतशील कृषि तकनीकी से सम्बंधित साहित्योंध्प्रचार सामाग्रियों को रखने के निर्देश उपनिदेश कृषि को दिये। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को बैंक से सम्बंधित योजनाओं के प्रचार साहित्य पुस्तकालयों में रखने के निर्देश दिये तथा ग्राम पंचायत वार रोस्टर के अनुसार लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिव, कृषि सहायकों की पंचायत भवन पर बैठने के तिथि व समय की सूची चस्पा करने व कर्मचारियों को समय व तिथि पर उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का निराकरण करने व योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, परियोजना निदेशक, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी आदि सम्बंधित विभाग के अधिकारीध जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ का किया जाएगा निर्माण –कमिश्नर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या विजन डॉक्यूमेंट को लेकर कमिश्नर नवदीप रिणवा खुद मानिटरिंग कर रहे हैं।हफ्ते में एक दिन अयोध्या विजन डॉक्यूमेंट को लेकर बैठक होती हैं। यह जानकारी कमिश्नर नवदीप रिणवा ने दिया। देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने के लिए सरकार काम कर रही।चाहे वह सड़क मार्ग से आए,रेलवे बाहर से आए या फिर हवाई मार्ग से आएं।उनकी सुविधाओं के लिए कार्य चल रहा है। वही ट्रैफिक की व्यवस्था,पार्किंग की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जा रहा है।।इन सभी कार्यो पर जोर दिया जा रहा है।रामलला के दर्शन के साथ–साथ अन्य मंदिरों के दर्शन सुलभ कराने के लिए जिला प्रशासन कार्य कर रहा है।राम नगरी के अंदर बिजली की व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है।अंडरग्राउंड बिजली के तार,24 घंटे बिजली की व्यवस्था,24 घंटे शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था अच्छी बन बनाई जा रही है।सीवर व्यवस्था भी अच्छी बनाई जा रही है। पर्यटन की दृष्टि से रामनगरी के अन्य धार्मिक स्थलों को भी किया जा रहा है विकसित। अयोध्या के धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा विकास कार्य। नया घाट से सआदतगंज लगभग 13 किलोमीटर है जिसके लिए 700 करोड रुपए सरकार से निर्गत हो गए हैं। इसकी चौड़ाई 20 मीटर होगी जिससे किसी प्रकार की ट्रैफिक की दिक्कत नहीं होगी।इसी मार्ग से राम मंदिर तक आसानी से श्रद्धालु पहुंच सकेंगे।राम मंदिर तक जाने के लिए 3 नए मार्गों का निर्माण हो रहा है।

## 34 वी व 36 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी के संयुक्त जवानो द्वारा अस्सी घाट पर बैंड वादन प्रस्तुत करने से वातावरण हुआ देश भक्ति से ओतप्रोत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस बार आजादी के 75 वी वर्षगांठ के उपलक्ष में पूरे देश में अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया जा रहा है।इसी कड़ी में 34 वी वाहिनी पीएसी बटालियन वाराणसी मीडिया सेल के मुताबिक आज 5 अगस्त 2022 दिन शुक्रवार को 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी के सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र 'आईपीएस' के निर्देशन में व सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव की अगुवाई में 34वीं एवं 36वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी की संयुक्त ब्रास बैंड द्वारा वाराणसी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अस्सी घाट वाराणसी परलोगों में देश प्रेम एवं कर्तव्य परायणता का अलख जगाने हेतु बैंड वादन किया गया।जिसके चलते इस मौके पर आसपास का वातावरण देश भक्ति से ओतप्रोत हो गया और लोगों के मन में देश भक्ति की भावना साफ साफ दिखाई दे रही थी। वही इसी कड़ी में इस मौके पर वहां पर मौजूद भारी संख्या में श्रद्धालुओं एवं दर्शकों द्वारा पीएसी के इस जागरूकता अभियान में शिरकत की गई एवं तालियां बजाकर उनके इस अभियान को सफल बनाने हेतु प्रोत्साहन एवं अभिवादन किया गया।पीएसी ब्रास बैंड के इस प्रकार अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बैंड वादन कर लोगों में देश प्रेम एवं कर्तव्य परायणता को



जागृत करने के इस अभियान हेतु समस्त श्रद्धालुओं व दर्शकों द्वारा सेनानायक डॉ मिश्र की सराहना की गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव, सूबेदार मेजर रणजीत तिवारी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी उपस्थित रहे।

## संगीत साधक मन्नू लाल जी को दी गई संगीतमय श्रद्धांजलि

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) प्रसिद्ध संगीतज्ञ स्वर्गीय श्री मन्नू लाल जीके पुण्यतिथि के अवसर पर संगीत जगत के कलाकारों के द्वारा स्वरांजलि कार्यक्रम के माध्यम से संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जगत हॉस्पिटल के डॉ एस एन द्विवेदी डॉ ज्योति सिंह ने गुरु मन्नूलाल के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्पांजलि कर किया । कार्यक्रम में प्रसिद्ध मृदंग वादक पंडित राजकुमार झा एवं शास्त्रीय गायिका कल्पना एस बर्मन जी पंडित सत्य प्रकाश मिश्रा जी और पंडित देव प्रसाद पांडे जीने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि संगीत के माध्यम से दीया एवं गुरु मन्नूलाल जी के शिष्यों में अपर्णा यादव विजेंद्र सिंह पीयूष दीक्षित अक्षत सिंह विवेक जोशी साकेत श्रीवास्तव अमर सागर अर्पित पांडे ने अपने गुरु को स्वरों के माध्यम से अपने भाव को समर्पित किया तदोपरांत वरिष्ठ पुत्र प्रसिद्ध तबला वादक संजय कुमार एवं सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया । मंच का संचालन समाजसेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने किया ।

# पाँच अगस्त से अयोध्या में आरंभ होगा हिन्दू महासभा का हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी द्वारा 13 अप्रैल से नई दिल्ली के जंतर मंतर से आरंभ किया गया हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान की गूंज अब अयोध्या में भी सुनाई देगी । पाँच अगस्त को हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदंडी जी महाराज की उपस्थिति में अयोध्या में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। हिन्दू महासभा अयोध्या जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश दत्त मिश्र ने आज जारी बयान में यह जानकारी दी । उन्होंने बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदंडी जी , राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी और हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान समिति के राष्ट्रीय संयोजक नितिन उपाध्याय ने पांच अगस्त को अयोध्या पहुंचने पर सहमति प्रदान कर दी है । इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी , हिन्दू महिला सभा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बबीता यादव और हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रचारक बाबा धर्मदास जी महाराज सहित अनेक पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे । हिन्दू महासभा के सभी पदाधिकारी भगवान राम लला के दर्शन करने के बाद प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से हस्ताक्षर अभियान का सूत्रपात करेंगे । हिन्दू महासभा के पदाधिकारी तपस्वी छावनी के हिन्दू रत्न महंत परमहंस दास जी महाराज , हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास जी महाराज सहित विभिन्न साधु संतों से भेंट कर उनसे हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान में सहयोग की अपील करेंगे।जिलाध्यक्ष राकेश दत्त मिश्र ने जारी बयान में बताया कि हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान रविन्द्र कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन और हस्ताक्षर अभियान समिति के संयोजक नितिन उपाध्याय के नेतृत्व में पूरे देश में चल रहा है । हिन्दू महासभा ने 10 करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करने का लक्ष्य रखा है । 13 अप्रैल 2023 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 10 करोड़ हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन देकर उनसे भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने के लिए संसद के दोनो सदनों में विधेयक पारित करने की मांग की जाएगी ।

## सूत्र के मुताबिक निलंबित होने के बाद भी आरोपी शिक्षक नही छोड़ रहा कार्यभार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के तारुन क्षेत्र में मासूम छात्रों की निर्दयता पूर्वक पिटाई के मामले में खंड शिक्षा अधिकारी तारुन के जांच के आधार पर बीएसए संतोष राय ने आरोपी इंचार्ज प्राध्यापक को निलंबित करते हुए बीआरसी में संबद्ध किया है। सूत्र के मुताबिक कंपोजिट विद्यालय तकमीनगंज में इंचार्ज प्राध्यापक संजीव कुमार वर्मा ने विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा छः के आदर्श तिवारी पुत्र रामनायक तिवारी ,कक्षा आठ के शिवम् तिवारी पुत्र द्वारिका प्रसाद तिवारी व रामदीन निषाद पुत्र स्व. श्री मनीराम निषाद की डंडे से निर्दयता पूर्वक पिटाई कर दिया।जिसे देखकर उक्त छात्रों के अभिभावक नाराज हुए और इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से कर दिया।जिसके चलते शिकायत के आधार पर बीईओ ने विद्यालय पहुंचकर छात्रों का लिखित बयान दर्ज किया। वही इसी क्रम में शिक्षिका रईसा बेगम व शिक्षक जगदीश प्रसाद ने पिटाई की बात स्वीकार करते हुए कहा कि बच्चों के साथ प्रधानाध्यापक ने बहुत गलत किया।बच्चों की शरीर पर पिटाई के निशान भी पाए गए बी ई ओ के जांच की आख्या देने के बाद बीएसए ने दोषी प्रधानाध्यापक संजीव कुमार वर्मा को निलंबित किया।सूत्र के मुताबिक आरोपी शिक्षक के हरकत से शिक्षकों में भी रोष है। अध्यापक द्वारा किए गए अनुशासनहीनता को देखते हुए इसकी जांच खंड शिक्षा अधिकारी माया राजेश कुमार सिंह को जांच की रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया गया है। वही लोगों का कहना है कि आरोपी शिक्षक निलंबित होने के बाद भी अपना चार्ज किसी अन्य शिक्षक को नही दिया जिसके चलते जिसके चलते विद्यालय में अव्यवस्था फैल रही है। शिक्षिका रईसा बेगम का कहना है कि बच्चों के खान–पान से लेकर हर प्रकार की दिक्कतें आ रही है।आरोपी शिक्षक निलंबित होने के बावजूद भी अभी तक अपना चार्ज लिया हुआ है।अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुआ है। वही सूत्रों के मुताबिक आरोपी शिक्षक पर पूर्व में फर्जी चिटफंड कंपनी बनाकर निवेशकों का पैसा हड़पने का आरोप है आरोपी शिक्षक व उनकी पत्नी उर्मिला वर्मा ने कुछ साल पहले निवेशकों के साथ किए गए धोखाधड़ी के कारण विभिन्न धाराओं से मुकदमा पंजीकृत है। वही संजीव वर्मा ने एनी बुलियन नाम की फर्जी चिटफंड कंपनी बनाकर निवेशकों का पैसा हड़प किया है।

### कुछ दिन पूर्व लापता हुए व्यक्ति का नही लगा सुराग

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के मवई थाना क्षेत्र के ग्राम बघेड़ी में तीन दिन पूर्व लापता हुए व्यक्ति का अभी तक सुराग नही लग सका।इस सम्बन्ध में उसकी पत्नी ने मवई थाना पहुंच कर गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।लापता हुए व्यक्ति की पत्नी फूलकला ने मवई थाने में दी गयी तहरीर में बताया कि सोमवार की शाम को परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद लेट गये।फुलकला ने बताया कि जब रात को 12 बजे उसकी आंख खुली तो देखा कि उनके पति राम करन 55 वर्ष चारपाई पर नही थे दरवाजा भी बन्द था।फुलकला ने आसपास के गांव तथा रिश्तेदारी में खोजबीन की लेकिन कहीं पर सुराग नही लगा।मंगलवार को मवई थाना पहुंच कर गुमसुदगी की तहरीर दी।प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह ने बताया कि गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है तथा लापता हुए राम करन की तलाश जारी है।

## गौशाला का निरीक्षण करने के लिए उपनिदेशक को मंडलायुक्त ने दिया निर्देश

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने मंडल के सभी जिलाधिकारी एवं उपनिदेशक पशुपालन से कहा है कि वे अपने अधीन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं ब्लाक स्तर पर पशु चिकित्सक को नियमित रूप से अस्थाई गौशाला का निरीक्षण करते रहें उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा, चूनी चोकर व हरे चारे का प्रबन्ध किया जाय। बरसात के दिनों में गौशालाओं में पानी निकलने की पर्याप्त व्यवस्था की जाय। गौवंश के प्रति किसी भी दशा में लापरवाही न बरती जाय। बरसात के दौरान कीचड़ के कारण कोई भी गौवंश बीमार न होने पाये तथा बीमार गौवंश का इलाज पशु चिकित्सक द्वारा तत्काल किया जाय, इसके लिए टीन सेट की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान गौवंश के लिए पर्याप्त चारा एवं पानी आदि की व्यवस्था हो यह सुनिश्चित किया जाए तथा इलाकों में तैनात पशु चिकित्सक नियमित पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण भी करते रहें।

#### रुदौली विधायक ने किया बाल स्वस्थ्य पोषण माह का शुभारंभ

अयोध्या(सरवन कुमार नगर संवाददाता) जिले के सामुदायिक स्वस्थ केंद्र रूदौली में बाल स्वस्थ्य पोषण माह का शुभारंभ विधायक राम चन्द्र यादव ने किया।विधायक ने कहा कि बच्चो के स्वस्थ्य के सही देखभाल से शारीरिक मानसिक विकास होता है।शारीरिक और मानसिक विकास शिक्षा और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक है।कहा कि आम तौर पर बच्चो के देखभाल में छोटीछोटी बातों को नजर अंदाज किया जाता है।अधीक्षक डॉ0 मदन बरनवाल ने कहा कि बुधवार से बाल स्वस्थ पोषण एक माह के लिए मनाया जाएगा।3 अगस्त से 2 सितम्बर तक 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चो को विटामिन ए की डोज पिलाई जाएगी।इस मौके पर डॉ0 प्रियंका यादव,डॉ0 संजय सिंह,एएनएम आशा सिंह मौजूद रही।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।